एडीजी एस परमेश, रा. त. प., त. प.
अपर महानिदेशक
ADG S Paramesh, PTM, TM
Additional Director General
Tel. : 91-11-23387361, 23385799
Fax : 91-11-23385591
E-mail : adg@indiancoastguard.nic.in

तटरक्षक मुख्यालय
राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर
नई दिल्ली 110001

Coast Guard Headquarters
National Stadium Complex
New Delhi 110001

संदेश - हिंदी दिवस 2024

1. **हिंदी दिवस (14 सितंबर)** के अवसर पर भारतीय तटरक्षक के सभी अधिकारियों और कर्मियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

2. भारत में हिंदी, सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा के साथ ही ये विश्व में चौथी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा भी है। 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया गया और इसी परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने एवं इसकी समृद्धि व विकास हेतु प्रति वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई। राजभाषा का सम्मान, कार्यान्वयन तथा उसकी प्रगति हम सभी का राष्ट्रीय एवं संवैधानिक उत्तरदायित्व है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के कथनानुसार:-

"राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है।"

3. निर्विवाद ही अंग्रेजी कभी भी, हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के समकक्ष नहीं हो सकती है। हिंदी एक समृद्ध भाषा है एवं भारत की राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता की कड़ी है। वैश्विक स्तर पर भी हिंदी को किसी भी परिचय की आवश्यकता नहीं है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इस अवसर पर भारतीय तटरक्षक की सभी स्थापनाएं अपने-अपने स्तर पर हिंदी पखवाड़ा मना रही हैं। हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए स्वस्थ एवं उत्साहवर्धक वातावरण बनाएं।

4. विगत वर्ष की राजभाषा हिंदी वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार भारतीय तटरक्षक का 74% पत्राचार हिंदी भाषा में हुआ है, जो हिंदी भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति है। मैं पूर्णरूप से आश्वस्त हूं कि पत्राचार के क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक की हर एक स्थापना अभूतपूर्व योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। अत: आत्मनिर्भर होकर जब हम स्वयं हिंदी लिखेंगे, पढ़ेंगे और बोलेंगे तो स्वाभाविक हिंदी प्रचलित होगी। जितना अधिकाधिक हम राजभाषा हिंदी का प्रयोग करेंगे, उतनी ही अधिक यह हमारी दैनिक गतिविधियों में सरल रूप से सम्मिलित हो जाएगी।

5. हिंदी दिवस-2024 के शुभ अवसर पर, मैं संगठन के सभी अधिकारियों और कर्मियों से अपील करता हूँ कि वे अपने सरकारी काम-काज में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग को बढ़ावा दें तथा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

जय हिंद ।

परमेश

(एस परमेश)
महानिदेशक(अतिरिक्त प्रभार)
भारतीय तटरक्षक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03 सितंबर 2024